इयोन आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

1. कानून एवं नियम

जहाँ हम अपना व्यापार करते हैं उन देशों एवं प्रदेशों में लागू होने वाले सभी कानूनों एवं अध्यादेशों, नियमों का पालन करें। इसके अतिरिक्त, अपनी कंपनी के आपूर्तिकर्ताओं, उपठेकेदारों, एवं ठेकेदारों को यह अनुरोध करें कि उन कानूनों एवं इयोन की आपूर्तिकर्ता आचार संहिता का पालन करें।

2. बाल श्रम

जो बच्चे 15 वर्ष की आयु से बड़े नहीं हैं, या उस देश की स्वीकृत आयु में नहीं आते हैं, उन बच्चों का न तो उपयोग करें और न ही उनके उपयोग में सहयोग दें। जो 18 वर्ष की आयु के अंदर आते हैं और जिनका उपयोग किया जा सकता है, या कानून के तहत रोज़गार के लिए रखे जा सकते हैं, यदि वे अनिवार्य शिक्षा अधिनियम के अधीन हैं, तो उनकी शिक्षा को प्राथमिकता दें और ऐसे हालात में न डालें जहाँ उनके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और विकास में कोई नुकसान या खतरा बने।

3. बंधुआ मज़दूर

पारिश्रमिक या रोज़गार प्रक्रिया के दौरान, मारपीट, धमकी, बंधन, अन्य मानसिक, शारीरिक एवं आचरण रूपी अनुचित तरीके से स्वतंत्रता पर बंधन के माध्यम से, रोज़गार या श्रम में कर्मचारी की इच्छा के विपरीत ज़बरदस्ती न करें और न ही उसमें भाग लें।

4. कार्य-समय

कार्य-समय, अंतराल एवं छुट्टियों से संबंधित उद्योग के कानूनों एवं मानकों का पालन करें। अतिरिक्त समय में कार्य, आवश्यक तौर पर स्वैच्छिक होना चाहिए और नियमित रूप से होने की आवश्यकता नहीं है। जो कार्य वैध समय के बाद किया गया है उसके लिए निर्धारित अरितिक्त समय भत्ता दें।

5. वेतन एवं रोज़गार लाभ

राष्ट्रीय वेतन एवं लाभ कानूनों का पालन करें। उचित कानूनों एवं नियमों के अनुसार, वेतन भुगतान करें या वेतन तथा विभिन्न भत्ते काटें और उनका रिकार्ड रखें। वेतन कर्मचारी की मूल आवश्यकताओं को पूरा करने से अधिक होना चाहिए। वेतन भुगतान, अतिरिक्त समय भत्तों की विषय वस्तु का वर्णन आवश्यक रूप से इस प्रकार होना चाहिए कि कर्मचारी को समझ आ सके।

6. गाली एवं उत्पीड़न

कर्मचारी के साथ शारीरिक दंड, मानसिक एवं शारीरिक ज़बरदस्ती न करें और न ही उसमें भाग लें, तथा मौखिक अपशब्द न कहें। व्यापारिक गतिविधियों के सभी दृश्यों में, संकेत, भाषा एवं शारीरिक स्पर्श सहित, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की अनुमति न दें।

7. भेदभाव

जाति, राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग आयु, जन्मस्थल, धर्म, शैक्षिक पृष्ठभूमि, मानसिक एवं शारीरिक अक्षमता, लैंगिक रुझान एवं लैंगिक पहचान इत्यादि के आधार पर, भर्ती, वेतन, पदोन्नति, प्रशिक्षण, नौकरी से अलग करना, सेवानिवृत्ति जैसे रोज़गार से संबंधित भेदभाव न करें और न ही ऐसे भेदभाव में भाग लें। रोज़गार से संबंधित सभी निर्णय, आवश्यक कार्य निभाने की क्षमता पर आधारित होने चाहिए।

8. श्रमिक संघ की स्वतंत्रता एवं सामुहिक सौदेकारी का अधिकार

कर्मचारी द्वारा स्वेच्छा से श्रमिक संघ बनाने, जुड़ने, एवं चलाने जैसे कर्मचारी के अधिकारों, और कर्मचारियों की तरफ से कंपनी से सामुहिक सौदाकारी करने जैसे अधिकारों का सम्मान करें। यदि कानून, संघ की स्वतंत्रता के अधिकार एवं सामुहिक सौदाकारी करने को रोकता है, तो विकल्प के रूप में, एक शिकायत दर्ज करने की प्रणाली स्थापित करें, जो मुद्दों को प्रबंधक एवं कर्मचारी प्रतिनिधियों के सामने उठा सके, और उन्हें नेकनीयती से जवाब दें।

9. सुरक्षा एवं स्वास्थ्य

कर्मचारियों को एक सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करें जो लागू होने वाले कानूनों एवं नियमों के अनुकूल हो, और दुर्घटना, चोट एवं मानसिक अस्वस्थता सहित बीमारी को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करें, जिनका संबंध संभावित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से होता है। सुरक्षा एवं स्वास्थ्य मानक, कर्मचारियों को प्रदान किए गए शयनकक्ष एवं कैंटीन पर भी लागू होने चाहिए।

10. पर्यावरण

जहाँ उत्पादन करना है, उन देशों एवं प्रदेशों के सभी पर्यावरण कानूनों एवं नियमों का न केवल पालन करें, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को अधिकतम महत्व भी दें। इस बात की पुष्टि कर लें कि उपयोग में लाया जाने वाला कच्चा माल एवं अवयव, उन देशों एवं प्रदेशों के कानूनों एवं नियमों का पालन करते हों जहाँ से उन्हें प्राप्त किया गया है, और अंतर्राष्ट्रीय संधियों एवं नयाचारों, एवं इयोन द्वारा स्थापित की गई पर्यावरण नीतियों से मेल खाते हों।

11. व्यापारिक लेन-देन

अंतिम उत्पाद एवं उसके घटकों के मूल देशों, एवं निर्यात किए जाने वाले देशों एवं प्रदेशों के व्यापारिक लेन-देन से संबंधित कानून एवं नियमों का पालन करें।

12. ईमानदारी एवं पारदर्शिता

सभी प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों में, कभी भी रिश्वतखोरी या क्रियाओं जैसे धोखाधड़ी, जालसाजी, या दस्तावेज़, सबूत तथा गवाही छुपाने में लिप्त न हों जो कि आचारनीति का उल्लंघन करती हों। व्यवसाय संबंधित जानकारियाँ उपयुक्त नियमों एवं सामान्य व्यावसायिक कार्यप्रणालियों के अनुसार, सही तरह से प्रकट होनी चाहिए।

13. वचनबद्धता

कंपनी की प्रबंधन प्रणाली एवं स्वयं के प्रबंधन में इयोन आपूर्तिकर्ता आचार संहिता के आवश्यक विषयों को शामिल करें, एवं समस्त आपूर्ति श्रृंखला में सामाजिक समस्याओं को सुलझाने की दिशा में पूरे संगठन में काम करें।